हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32.5 डिग्री |
| न्यूनतम | 10.0 डिग्री |

12 रंगोली में मुकुल, ग्रुप सॉन्ग में चिराग की टीम...



12 जिस आशीर्वाद से मिली दलबीर को चौधर...



### दीपावली के बाद वीरवार को लगी रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतार, लगा लंबा जाम

# मंडी में अब तक पहुंचा 5 लाख क्विंटल बाजरा, कपास व धान की आवक तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिले की रेवाड़ी अनाजमंडी में अब 5 लाख क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है। दीपावली के त्योहार के बाद वीरवार को अनाजमंडी के मेन गेट के बाहर बाजरे की ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतार लगी रही। यहां तक की अनाजमंडी के अंदर भी सुबह से दोपहर बाद तक ट्रैक्टर-ट्रालियों से जाम की स्थिति बनी रही। बाजरे की सरकारी खरीद को शुरू हुए वीरवार को एक महीना बीत चुका है, लेकिन अभी तक खरीद एजेंसी हैफेड व वेयर हाउस कार्पोरेशन की ओर से एक दाना भी बाजरा नहीं खरीदा गया है, क्योंकि एजेंसियों का कहना है कि इस बार बाजार उनके मानक के अनुरूप नहीं है। बाजरे की गुणवत्ता काफी कमजोर है। वीरवार को अनाजमंडी में 1100 के करीब गेटपास काटे गए तथा करीब 30 हजार क्विंटल बाजरे की आवक हुई। किसान अपना बाजरा आढतियों को 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच रहे है, जिससे उनको सरकार के 2200 रुपये निर्धारित समर्थन मूल्य के हिसाब से 200 से 400 रुपये का नुकसान हो रहा है, क्योंकि सरकार ने इस बार बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 रुपये निर्धारित किया हुआ है, जिसमें 2200 रुपये प्रति क्विंटल बाजरा खरीदा जाएगा व 575 रुपये किसानों को भावांतर के रूप में दिए जाएंगे।





रेवाड़ी। अनाजमंडी के मुख्य गेट पर गेटपास कटवाते हुए किसान तथा अनाजमंडी में ट्रैक्टरों से लगा जाम। *फोटो: हरिभूमि*

### *वीरवार को काटे गए 1100 से अधिक गेटपास*

*रेवाड़ी अनाज मंडी में वीरवार को 1100 गेटपास काटे गए तथा 30 हजार क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हुई। रेवाड़ी अनाजमंडी में अभी तक 16332 के करीब गेटपास काटे जा चुके है। वही कोसली अनाज मंडी में अब तक 1055 गेटपास काटे जा चुके है। कोसली अनाजमंडी में अब तक 2.5 लाख क्विंटल से अधिक बाजरे की आवक हो चुकी है। हैफेड के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही खरीदा जाएगा। बाजरे की खरीद के लिए किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही बाजरे की बिक्री कर सकेंगे। किसानों को ई-खरीद पोर्टल से ही गेटपास लेना होगा, जिन किसानों का जे-फॉर्म कटेगा, उनको ही भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। इस वर्ष 75 से 80 हजार हेक्टेयर में बाजरा व 8000 हेक्टेयर में कपास बोया गया था। गत वर्ष 2024 में अनाजमंडी में करीब 582402 क्विंटल के करीब बाजरा खरीदा गया था। इसके अलावा 34092 क्विंटल कपास की आवक हुई थी। अनाजमंडी में इस वर्ष अब तक 1859 क्विंटल के करीब कपास की आवक शुरू हो चुकी है। कपास का भाव 5600 से 7000 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। वहीं अनाजमंडी में अब तक 7762 क्विंटल धान भी आ चुका है। धान का भाव 3000 से 3500 रुपये क्विंटल चल रहा है।*



रेवाड़ी। अनाजमंडी के फड़ पर लगी बाजरे की ढेरियां व कट्टे, उठान चल रहा धीमा।

### दिवाली के बाद अनाजमंडी में लगा जाम

वीरवार को नई अनाजमंडी में ब्रास मार्केट साइड व सचिवालय साइड के दोनों गेटों के पास सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। आड़ी-तिरछी खड़ी ट्रैक्टर-ट्रालियों की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। अनाजमंडी के फड व मार्केट कमेटी के पास स्थित धर्मकांटे के पास अव्यवस्थित ढंग से ट्रैक्टर व अन्य वाहनों के खड़े होने से जाम लगा रहा। सबसे ज्यादा अव्यवस्था पहले फड के पास रही। अनाजमंडी में खरीदी गई फसल का उठान नहीं होने के कारण भी जगह की कमी होती जा रही है, जिससे किसान बाजरा व कपास सड़क पर डाल रहे है। सड़क पर बाजरे की ढेरियां लगने से वाहनों की कतार लगने से जाम के हालात पैदा हो रहे है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

## ग्रीन बेल्ट में पशु बांधने की शिकायत शिविर में उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार ने सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की शिकायतें सुनकर समाधान किया। एसडीएम ने सेक्टर-4 स्थित ग्रीन बेल्ट में पशु बांधने की शिकायत पर एचएसवीपी के अधिकारियों को जांच करके अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन, जमीनी विवाद, अवैध कब्जे, बिजली, पानी व रास्ते पक्का कराने की समस्याएं रखी गई। एसडीएम ने अधिकारियों को सभी समस्याओं परत्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए सशक्त माध्यम बन रहे हैं, जिसमें कोई भी नागरिक अपनी शिकायतों का समाधान करा सकता है।

### कार की टक्कर से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**जाटूसाना।** खुशपुर बस स्टैंड के पास बुधवार की रात कार की टक्कर लगने से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई। जाटूसाना थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। झज्जर के गांव सुलोदा निवासी 42 वर्षीय धर्मेश कुमार का खुशपुरा बस स्टैंड पर मेडिकल स्टोर है। बुधवार की रात वह मेडिकल स्टोर बंद करने के बाद घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वर्ना कार ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में धर्मेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में दो आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष मिली विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 17 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दाना आलमपुर निवासी दीपक व उसकी ममता को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के आरोपी तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 19 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक कन्होरी निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। 20 अक्टूबर को हादसे के बाद दर्ज किए गए मामले में राजस्थान के सुकलाबास निवासी मालाराम मीणा को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 30 सितंबर को दर्ज मामले में रामजस नगर धारूहेड़ा निवासी दयानंद को गिरफ्तार किया है।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर काबू

**कुंड।** पुलिस चौकी ने कंवाली गांव की ढाणी में झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस पर हमला करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। झड़प के बाद पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिसकर्मियों को हाथापाई के दौरान चोटें आई थीं। दो आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब एक आरोपी कंवाली निवासी योगेंद्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### फरार चल रहा पीओ भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में विचाराधीन मामले में राजस्थान के मलपुरा निवासी राजकुमार उर्फ राजू अनुपस्थित चल रहा था। कोर्ट ने उसे पीओ घोषित करते हुए पुलिस को उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। बावल थाना पुलिस ने 22 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने बीदावास गांव में हुए झगड़े के बाद 22 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद बीदावास निवासी पूजा और उर्मिला को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। वहीं खोल थाना पुलिस ने 29 सितंबर को दर्ज मामले में कुंडल निवासी फोजराज को गिरफ्तार किया है।

### महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** किशनगढ़ बालावास में एक महिला ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर जान दे दी। लगभग 40 वर्षीय बीना देवी रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गई थी। सुबह जब वह देर तक नहीं उठी, तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा। वह फांसी के फंदे पर लटक रही थी। सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। मायके पक्ष के लोगों के आने के बाद पुलिस ने सामान्य अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

### युवती से मोबाइल फोन छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार



**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत 21 अक्टूबर को जगंल बब्लर कम्पेल्स के पास एक युवती का मोबाइल फोन छीनने के मामले में एक आरोपी को चंद घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान धारूहेड़ा निवासी मनीष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग की गई बाइक को बरामद कर लिया है। वार्ड नंबर 4 धारूहेड़ा निवासी युवती उत्कर्ष समाल फाईनैस बैंक गुरुग्राम में नौकरी करती है। 21 अक्टूबर को शाम के समय वह अपनी ड्यूटी खत्म करके घर जा रही थी। जब वह धारूहेड़ा जगंल बब्लर काम्प्लेक्स के पास पहुंची तो बाइक पर आया युवक उसका मोबाइल फोन छीन कर भाग गया। पुलिस ने आरोपी मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बिजली निगम कार्यालय पहुंचे एसडीएम

## एसडीओ व जेई सहित अनुपस्थित मिले कर्मचारी

**औचक निरीक्षण**

- एसडीएम विजय कुमार ने अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों, कंप्लेंट व मूवमेंट रजिस्टर की खामियों को लेकर सक्षम अधिकारी से मांगा जवाब
- जो भी शिकायत आए तो उस पर लिए गए एक्शन को रजिस्टर में कर्मचारी के नाम सहित दर्ज किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव ने वीरवार को बिजली वितरण निगम के एसडीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ, जेई समेत कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम ने इस आफिस की कार्यशैली में सुधार लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वीरवार को सुबह सवा नौ बजे एसडीएम विजय कुमार यादव अचानक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ कार्यालय में पहुंचे। यहां आफिस की कार्यप्रणाली में कई प्रकार की खामियां देखने को मिली। मूवमेंट रजिस्टर में सही ढंग से प्रविष्टियां नहीं की गई थीं और न ही शिकायतों पर उचित कार्रवाई पाई गई। रात के समय जो कंप्लेंट एसडीओ आफिस को मिली, उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इसी तरह कर्मचारियों के आने-जाने के बारे में मूवमेंट रजिस्टर में किसी प्रकार की सूचना दर्ज नहीं की गई थी। हाजिरी रजिस्टर को चेक किया गया तो एसडीओ व एक जेई सहित कुछ कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। केवल एक जेई मौके पर मौजूद पाए गए।



रेवाड़ी। एसडीओ कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम विजय कुमार यादव।

### खामियों पर सक्षम अधिकारी जवाब दें

एसडीएम ने अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों, कंप्लेंट व मूवमेंट रजिस्टर की खामियों को लेकर सक्षम अधिकारी से जवाब देने को कहा है। एसडीएम ने बिजली वितरण निगम के सिटी एसडीओ ऑफिस को निर्देश जारी किए हैं कि जो भी कर्मचारी कार्यालय से बाहर जाए तो उसकी प्रविष्टि मूवमेंट रजिस्टर में होनी चाहिए। इसी प्रकार जो भी शिकायत आए तो उस पर लिए गए एक्शन को रजिस्टर में कर्मचारी के नाम सहित दर्ज किया जाए। रजिस्टर में हर कार्य का समय अंकित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में बिना बताए कोई कर्मचारी गैर हाजिर पाया गया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार 1.32 लाख रुपये नकदी बरामद

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने धारूहेड़ा चुंगी के पास वाल्मीकि बस्ती के एक मकान की बैठक में जुआ खेलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1.32 लाख रुपये कैश बरामद किया गया है। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हंसराज उर्फ डाक्टर निवासी मोहल्ला वाल्मिकी बस्ती की बैठक में कुछ लोग ताश के पत्तों से पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपियों को काबू करके नाम पता पुछा तो पहले ने अपना नाम रवि निवासी मोहल्ला छिपटवाडा, दूसरे ने अनिल निवासी मोहल्ला टडुंवाडा, तीसरे ने रोहताश निवासी गांव जलालपुर जिला कोटपुतलीराजस्थान, चौथे ने मुकेश निवासी मोहल्ला शक्तिनगर व पांचवे ने हंसराज उर्फ डाक्टर निवासी मोहल्ला वाल्मिकी बस्ती बताया। आरोपी ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से जुए की 1.32 लाख रुपये राशि बरामद हुई। ताश के पत्तों और नकदी को कब्जे में लेने के साथ ही पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

- ताश के पत्तों और नकदी को कब्जे में लेने के साथ ही पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## बाल विवाह में शामिल व्यक्तियों व संस्थानों पर होगी कार्रवाई: डीसी

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि देवउठनी ग्यारस पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग की ओर से बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। डीसी ने कहा कि टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर व प्रिंटिंग प्रेस वाले ऐसे किसी भी विवाह कार्यक्रम में न तो शामिल हो और न ही अपनी सेवाएं दे। अन्यथा उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बाल विवाह के आयोजन से संबंधित जानकारी देने के लिए आमजन बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दे सकते है, ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रोका जा सकें।



डीसी अभिषेक मीणा।

**मौसम का मिजाज** रजाई संभालने के मौसम की हुई शुरूआत, अगले सप्ताह बारिश की संभावना

## सीजन की सबसे ठंडी बुधवार की रात साढ़े पांच डिग्री तक गिरा रात का पारा

गत वर्ष 23 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री दर्ज किया गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में रात के समय रजाई संभालने का मौसम आ गया है। तापमान सामान्य से कम रहने के कारण रात की ठंड ने दस्तक दे दी है। बुधवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही है। अगले सप्ताह बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद ठंड का असर दिन में बढ़ना शुरू हो जाएगा। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण दोपहर के समय मौसम कुछ गर्म बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस की बड़ी कमी के साथ 10.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।



रेवाड़ी। एक खेत में की गई सरसों की बिजाई। *फोटो: हरिभूमि*

### हवाओं की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही

हवाओं की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि हवा में नमी का स्तर 40 फीसदी से भी नीचे आ गया। रात के तापमान में ज्यादा गिरावट आने के साथ ही रजाई संभालने का अलार्म बज चुका है। गत वर्ष की तुलना में दोनों तापमान काफी कम चल रहे हैं, जिससे इस बार ठंड का आगाज भी समय से पहले हो रहा है। गत वर्ष 23 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट के साथ ही ठंड ने दस्तक दे दी है। वीरवार को सुबह के समय भी ठंड का असर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते आगामी सोमवार को आसमान में बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश तक हो सकती है।

### सरसों के लिए अनुकूल बना मौसम

बीते वर्ष अक्टूबर माह के अंत तक मौसम का मिजाज गर्म बना रहा था। इससे किसानों की सरसों की फसल रोग की चपेट में आ गई थी। कई किसानों को दोबारा बिजाई करनी पड़ी थी। इस बार अगेती बिजाई कर चुके किसानों की फसल में जमवार हो रही है। मौसम ठंडा होने से सरसों की अंकुरित फसल को नुकसान का खतरा टल रहा है। मौसम इसी तरह ठंडा बना रहा, तो फसल का तेजी से विकास होगा। मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने के बाद बिजली की मांग में भी कमी दर्ज की जा रही है। दैनिक खपत 50 लाख यूनिट के आसपास आ गई है।

### प्रदूषण के स्तर में होने लगा सुधार

दिन के समय तेज धूप खिलने हवाएं चलने से प्रदूषण का स्तर कुछ हद तक कम हो गया है। वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 363 पर आ गया। हालांकि इसे भी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया था। आसमान में छाने वाले स्मॉग का असर भी कम हो रहा है। अगर अगले सप्ताह बारिश होती है, तो इससे प्रदूषण पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूमबी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल थॉर्प और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा

**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा

बच्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।



**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स्ड एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी

फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।



तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक

हाल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *




**किताब:** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक:** गौहर रजा,
**मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** पेंगुइन, स्वदेश

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानो द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

कपड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'


आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



एक थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## जीके क्विज-176



1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?


बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर:** 1.लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




उत्तर: 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप

### शहर में धूमधाम से मनाई भैयादूज

**रेवाड़ी।** दीपावली के पांच दिवसीय त्योहारों की श्रृंखला में वीरवार को भाई दोज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यम द्वितीया के नाम से भाई दोज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है, जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है, जो भाई बहन के अगाढ़ प्रेम को समर्पित है। भाई दोज पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाईयों ने अपने सामर्थ्यनुसार उपहार भी भेंट किए।

### यादव सभा का फ्री कैंप व मासिक बैठक 26 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 26 अक्टूबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 से 11 बजे के दौरान आयोजित कैंप में मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दा रोग विशेषज्ञ मेडिसिन, डा. आर बी यादव हड्डी रोग, डा. करतार सिंह यादव सर्जरी, डा. गौतम यादव नेत्ररोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. मनीष यादव ईएनटी में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### भट्टे से मोबाइल चोरी करने का आरोपी काबू

**कोसली।** गत 19 अक्टूबर की रात लूखी के ईंट भट्टे पर दो श्रमिकों के मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी किए गए फोन बरामद करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। थाना कोसली पुलिस को दर्ज शिकायत में यूपी के मिवना निवासी दीपू ने बताया था कि वह लूखी के ईंट भट्टे पर कार्यरत है। 19 अक्टूबर की रात वह और इंद्रजीत अपनी झुग्गी में सो रहे थे। इसी दौरान उन दोनों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। जब वह सुबह उठे तो उनके मोबाइल फोन नहीं मिले। झुग्गी के बाहर देखा तो एक स्कूटी खड़ी हुई थी। उसने शक जाहिर किया था कि स्कूटी लेकर वहां आने वाले व्यक्ति ने ही उनके मोबाइल फोन चोरी किए हैं। पुलिस ने दीपू की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

### आज चतुर्थ वर्ग की सोलो डांस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

# रंगोली में मुकुल, ग्रुप सॉन्ग में चिराग की टीम व क्लासिकल सोलो में निवेदया ने मारी बाजी

प्रतियोगिताओं में जिले के 18 गैर सरकारी एवं 2 सरकारी विद्यालयों के 82 बच्चों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान व जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बाल भवन में चल रहे बाल महोत्सव के छठे दिन रंगोली तृतीय वर्ग, पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग चतुर्थ वर्ग व क्लासिकल सोलो डांस तृतीय वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने निर्णायक मंडल के सदस्यों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने आए प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल कल्याण अधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों, अध्यापकों एवं अभिभावकों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। बाल महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले के 150 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। वीरवार की प्रतियोगिताओं में जिले के 18 गैर सरकारी एवं 2 सरकारी विद्यालयों के 82 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 24 अक्टूबर को चतुर्थ वर्ग की सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्रा। *फोटो : हरिभूमि*



रेवाड़ी। बाल महोत्सव में पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग पेश करती टीम व बाल महोत्सव में पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग पेश करती टीम।

### ये रहे सहयोगी

निर्णायक मंडल की भूमिका में पायल यादव, नवीन, नीलम, सुधीर, श्रीपति सिंह शेखावत, अजय कुमार शर्मा, अजय कुमार, प्रोमिला कुमारी व मीनू कुमारी शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजन में पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण यादव लेखाकार, रोशनी सुपरवाइजर, अजमेर गोदारा परिवीक्षा अधिकारी, जोगेन्द्र यादव, अशोक यादव परियोजना समन्वयक, शुक्रम, अनिल शर्मा तथा वॉलेंटियर के रूप में नैंसी, रीतिका, यश्वी, एकता रानी व ऊषा ने सहयोग प्रदान किया।

### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

देशभक्ति गीत चतुर्थ वर्ग : आरपीएस पब्लिक स्कूल के चिराग यादव की टीम ने प्रथम, आरपीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा के गर्व सक्सेना की टीम ने द्वितीय, राज इंटरनेशनल स्कूल के अदवे शुक्ला की टीम ने तृतीय एवं सर्व हिंद पब्लिक स्कूल गुरावडा के माही की टीम व आरपीएस पब्लिक स्कूल, कोसली की खुशबू की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। क्लासिकल सोलो डांस तृतीय वर्ग : आरपीएस पब्लिक स्कूल घटाल की निवेदया एन मेनॉन ने प्रथम, आरपीएस पब्लिक स्कूल बालियार कलां की मोनिका ने द्वितीय, राज इंटरनेशनल स्कूल की सुहाना, जैन पब्लिक स्कूल, की भव्या रोहिल्ला ने तृतीय एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खंडोडा की शिवानी, अरावली इंटरनेशनल स्कूल गोकलगढ़ की सफाली सिंह, सतयुग संगीत कला केंद्र की तनिशा व सूरज स्कूल रसगण की श्रृष्टिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए।

### रंगोली के परिणाम

रंगोली तृतीय वर्ग : आरपीएस पब्लिक स्कूल रेवाड़ी का मुकुल प्रथम, राज इंटरनेशनल स्कूल की रीतिका द्वितीय, केरला पब्लिक स्कूल जैतड़ावास की प्रिया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाडरा की अंजलि, सर्व हिंद पब्लिक स्कूल गुरावडा की हर्षिता, आरपीएस पब्लिक स्कूल, धारूहेड़ा की मेहा व आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली की तन्वी ने तृतीय एवं यदुवंशी शिक्षा निकेतन रेवाड़ी की हंषिता, आरडीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा की नंदिनी, विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंड की हक्षिका, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल की प्रियांशी, कैनाल वैली पब्लिक स्कूल बेरली खुर्द की प्राची, सैनी पब्लिक स्कूल की लुभानी व सूरज स्कूल की यशिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।


रेवाड़ी। बाल महोत्सव में क्लासिकल डांस पेश करती छात्रा।

# एनएसीबी टीम ने नशामुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जिला यूनिट ने वीरवार को बिठवाना सब्जी मंडी में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एचएसएनसीबी टीम की ओर से फल विक्रेताओं और मजदूरों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई।

एनसीबी जिला यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सिपाही प्रवीन ने नशे को समाज को खोखला करने वाली दीमक बताते हुए कहा कि यह बुराई गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, परिवार, शिक्षण संस्थानों, मीडिया और आम नागरिकों की सामूहिक भागीदारी को अनिवार्य बताया। उन्होंने आमजन को हरियाणा सरकार और एचएसएनसीबी की पहल जैसे नमक लोटा अभियान, साइक्लोथॉन मुहिम और नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, बेकैट चैलेंज की जानकारी दी।



रेवाड़ी। सब्जीमंडी में फल विक्रेता व मजूदरों को जागरूक करती एनसीबी टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### नशे की रोकथाम को उठाएं जरूरी कदम

इस मौके पर सब्जी मंडी प्रधान हंसराज पोसवाल और गोपाल दुआ सहित बड़ी संख्या में फल विक्रेता और मजदूर मौजूद थे, जिन्होंने एचएसएनसीबी की मुहिम को समर्थन दिया। एनसीबी टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा बिकता दिखाई दे तो तुरंत भारत सरकार की टोल फ्री हेल्पलाइन 1933, पोर्टल एनसीबीमानस.जीओपी.इन, हरियाणा एनसीबी नंबर 90508-91508 या यूनिट इंचार्ज नंबर 9813136557 पर सूचना दें, ताकि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जा सकें।एचएसएनसीबी टीम की ओर से फल विक्रेताओं और मजदूरों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई।

# नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार का उद्देश्य: आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



- छह जिलों के अस्पतालों में पहुंची नई अल्ट्रासाउंड मशीनें

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार नए उपकरणों और आधुनिक मशीनों की खरीद की जा रही है तथा उन्हें स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के छह जिलों रेवाड़ी, पंचकूला, नारनौल, पानीपत, सोनीपत और गुरुग्राम के सरकारी अस्पतालों में नई अल्ट्रासाउंड मशीनें भेजी गई हैं। इन मशीनों के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से हाल ही में अनेक आवश्यक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की खरीद के लिए रेट तय की गई थीं, जिनके तहत राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों की आपूर्ति आरंभ कर दी गई है।आरती राव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी स्तरों पर आवश्यक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनों के आने से जांच प्रक्रिया और अधिक सटीक एवं तेज होगी, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में अन्य जिलों के अस्पतालों में भी नई मशीनें भेजी जाएंगी।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

## रिटायर्ड सैनिक से मारपीट करने पर केस दर्ज

**कोसली।** कोसली गांव के एक सेवानिवृत्त सैनिक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर अभद्र गालियां देने व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। सुमेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिवाली की शाम लगभग 5 बजे घर के साथ वाले बंगले पर बैठे थे कि भूपेन्द्र के लड़के ने छत से एक पटाखा उनकी छाती पर गिरा दिया। एतराज जताने पर भूपेन्द्र की पत्नी ने कहा कि वह अपने लड़के को समझा देगी। कुछ समय बाद भूपेन्द्र वहां आया और उनके साथ गाली गलोच करने लगा तथा उन्हें धक्का देकर गिरा दिया तथा घर से लाठी लाकर उनके हाथ पर ऊपर जोरदार वार किया। बाद में वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

## पुलिस कर्मियों ने शहीदों के सम्मान में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर वीरवार को सभी थाना, चौकी और पुलिस लाइन परिसर में शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस सप्ताह के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य शहीदों की अमर गाथा को स्मरण करना और समाज में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और उनकी वीरता को नमन किया। सभी ने शपथ ली कि वे अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, ईमानदारी और देशभक्ति के साथ करते हुए शहीदों के आदर्शों पर चलेंगे। अभियान के दौरान जिला पुलिस लाइन परिसर, थाना, चौकी तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई। कचरा हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया और पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि प्रत्येक पौधा एक शहीद के नाम से समर्पित रहेगा, जिसकी देखभाल उसी भाव से की जाएगी।

### दी एक-दूसरे को दिवाली की बधाई

## व्यापार संघ ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट व्यापार संघ की ओर से वीरवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। संघ के प्रधान राजेश सैनी ने कहा कि दिवाली के दिन सभी दुकानदार अपने कारोबार में व्यस्त रहते हैं, इसलिए इस बार भाई दोज के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सभी व्यापारी एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में व्यापारियों ने एकता, सौहार्द और आपसी सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रधान राजेश सैनी ने कहा कि व्यापार संघ का मुख्य उद्देश्य बाजार में समरसता बनाए रखना और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सामूहिक रूप से करना है।

### वाहन चालकों को हुई परेशानी

## दिवाली के बाद शहर में बढ़ा ट्रैफिक दबाब, सरकुलर रोड पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिवाली पर्व के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव एक बार फिर से बढ़ गया। सरकुलर रोड पर वाहनों की भीड़ बढ़ने से सुबह के समय घंटों जाम जैसे हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिस को यातायात सुचारू कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दीपों के इस त्योहार पर बाहर रहने वाले लोग भी घर वापसी करते हैं। त्योहार के बाद लोग अपने ठिकानों की ओर रवाना होते हैं। दिवाली व गोवर्धन पर्व बीत जाने के बाद नौकरीपेशा लोगों ने अपने ठिकानों की ओर वापसी शुरू कर दी। इससे वीरवार को सुबह के समय नारनौल और महेंद्रगढ़ की ओर से बड़ी संख्या में वाहन सरकुलर रोड से होते हुए बावल तथा गुरूग्राम की ओर निकलने लगे। सुबह 11 बजे तक बड़ी संख्या में वाहन सरकुलर रोड से गुजरने लगे, जिससे नाईवाली चौक के पास जाम जैसे हालात बन गए। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज राजकुमार के नेतृत्व में जवानों ने जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत की। सड़क के एक ओर के हिस्से पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई।

### प्रशासन ने किसानों को दी हिदायत

## आमजन व खेती के हित के लिए पराली का उचित प्रबंधन करें किसान : एसडीएम

**कोसली।** एसडीएम विजय कुमार यादव ने किसानों से खेतों में फसल कटाई के बाद पराली ना जलाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए फसल के बचे हुए फानों में आग ना लगाकर उनको खेत में ही नष्ट कर दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि पराली का प्रबंधन करने के लिए आज किसानों के सामने विकल्प मौजूद हैं। इस पराली से चारा बन सकता है। पराली के बंडल बन सकते हैं और उसे खेत की मिट्टी में ही मिलाया जा सकता है। इस कार्य में कृषि विभाग से मशीनों की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से प्रदूषण फैलता है जो कि सेहत के लिए हानिकारक है। खेत में आग लगाने की वजह से भूमि की उपजाऊ शक्ति क्षीण होती है और अनेक जीव उसी में जलकर मर जाते हैं।

### टीम ने अब तक 47 नशा पीड़ितों का करवाया इलाज

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से युवाओं व आमजन को नशे के दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। करने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस की टीम लोगों से गांवों में नशा करने वालों की जानकारी एकत्रित करके व उनकी काउंसलिंग कराकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही है। पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव मोहदीनपुर, राजावास व नूरपुर में विद्यार्थियों व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 141 लोगों की पहचान की है तथा 47 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है।

### धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के अविश्वास पर वोटिंग आज, सियासत का खेल तेज

# जिस आशीर्वाद से मिली दलबीर को चौधर, उसी को बचाने का दारोमदार

- दलबीर के खिलाफ बगावत पर उतारू हो चुके 16 समिति सदस्य,
- शह या मात पर फैसला आज

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के चेयरमैन पद पर दलबीर सिंह की ताजपोशी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से हुई थी। दलबीर के खिलाफ बहुमत के साथ 16 सदस्य बगावत पर उतारू होकर अज्ञातवास में हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 24 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है, जिसमें भ्रमण पर निकले सदस्यों की सीधे बैठक में एंट्री होगी। चौधर बचाने के लिए बैठक से एक दिन पहले ही दलबीर एक बार फिर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के दरबार पहुंच गए। अगर राव का आशीर्वाद एक बार फिर से मिला, तो बगावत का पासा दलबीर के पक्ष में भी पलट सकता है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के बाद धारूहेड़ा ब्लॉक समिति का चेयरमैन बनाने के राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों ने दलबीर सिंह का नाम आगे किया था। राव की सहमति के बाद दलबीर को चेयरमैन बनाने में उनके वरिष्ठ सहयोगी रवि यादव व अजय पटौदा ने महत्वपूर्ण रोल अदा किया था। दलबीर के चेयरमैन बनने के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था, परंतु बीते 19 सितंबर को अचानक उनकी कुर्सी हिलोरे मारने लगी। ब्लॉक समिति के 22 में से 16 सदस्यों ने डीसी अभिषेक मीणा को शपथ पत्र देकर दलबीर के खिलाफ अविश्वास जाहिर कर दिया। इन सदस्यों का नेतृत्व कांग्रेसी रह चुके एक सदस्य ने किया, जिसे बैकडोर से राव के एक खास समर्थक का साथ मिलने की चर्चा है। शपथ पत्र देने के बाद ही यह सदस्य अज्ञातवास में चले गए। प्रशासन की ओर से दलबीर को बहुमत साबित करने के लिए 24 अक्टूबर को मीटिंग बुलाई है। 16 सदस्यों का बहुमत बगावत पर उतरे से सदस्य के साथ है। इनमें चार महिला सदस्य भी शामिल हैं। शपथ पत्र देने के बाद भ्रमण पर निकले सदस्यों में शामिल दो महिला सदस्यों के परिजनों ने पुलिस तक से शिकायत दर्ज कराते हुए उनकी बहुओं की घर वापसी कराने की मांग उठाई थी। इसके बाद पुलिस की ओर से महिला सदस्यों से संपर्क किया गया था।

### राव का एक इशारा पलट सकता है पासा

बहुमत हाथ से खिसक जाने के बाद दलबीर के लिए कुर्सी बचाना आसान नहीं है। नाराज सदस्यों को मनाने का रास्ता पहले ही बंद हो चुका है। अब दलबीर को एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से ही उम्मीद लगी हुई है। सूत्रों के अनुसार दलबीर राव के खास समर्थकों के साथ वीरवार को उनसे मिलने के लिए पहुंच गए। अगर राव का आशीर्वाद फिर से मिला, तो दलबीर की कुर्सी सुरक्षित बनी रह सकती है। ऐन मौके पर ब्लॉक समिति की बैठक को टाला भी जा सकता है, जिसके बाद दलबीर का बचाव आसान हो जाएगा।

### रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में मिला युवक का शव

**रेवाड़ी।** रिंगस रेलमार्ग पर खोरी व रेवाड़ी स्टेशनों के बीच वीरवार को झाड़ियों में एक युवक का शव मिला है। जीआरपी ने शव की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

जीआरपी को सूचना मिली थरी कि खोरी और रेवाड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच रेल लाइन के पास झाड़ियों में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। शव चार-पांच दिन पुराना माना जा रहा है, जो गल-सड़ चुका था। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष मानी जा रही है। जीआरपी ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाकर जांच शुरू की। जिस तरह से शव को फेंका गया है।